**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-24**
**उत्तर देने की तारीख-22/07/2024**

## स्कूलों में शिक्षकों की कमी

24. श्री लुम्बा राम:

क्या शिक्षा **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान सहित देश के विद्यालयों में शिक्षकों के 11.16 लाख से अधिक पद रिक्त हैं जिनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नासी प्रतिशत पद रिक्त हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-बार ब्यौरा क्या है;
(ग) राजस्थान सहित देश में महिला शिक्षकों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है; और
(घ) सरकार द्वारा राजस्थान सहित देश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयंत चौधरी)**

(क) और (ख): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि रिक्तियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से गया है। स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती एक सतत् प्रक्रिया है क्योंकि सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र और छात्रों की संख्या में वृद्धि/नए स्कूलों के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं की वजह से रिक्तियां होती रहती हैं और समय-समय पर इन पदों को भरने का दायित्व संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की रिक्तियों से संबंधित आंकड़े संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा रखे जाते हैं।

(ग): यूडाइस+ वर्ष 2021-22 के अनुसार, देश में महिला शिक्षकों की संख्या के बारे में डेटा अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ) शिक्षा मंत्रालय समय-समय पर समीक्षा बैठकों और परामर्शी-पत्रों के माध्यम से शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने और उनकी युक्तिसंगत तैनाती के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से अनुरोध करता है। इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार समग्र शिक्षा की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से विभिन्न स्तरों की स्कूली शिक्षा विभिन्न स्तरों के लिए निर्धारित मानदण्डों के अनुसार उपयुक्त छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) बनाए रखने के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की तैनाती हेतु राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करती है।

*****

**अनुलग्नक**

**"स्कूलों में शिक्षकों की कमी" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री लुम्बा राम द्वारा दिनांक 22 जुलाई, 2024 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 24 के भाग (ग) में पूछे गए प्रश्न के संदर्भ में अनुलग्नक।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | महिला शिक्षिकाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3,476 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 162,047 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 11,502 |
| 4 | असम | 144,752 |
| 5 | बिहार | 234,716 |
| 6 | चंडीगढ़ | 7,529 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 124,909 |
| 8 | दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 2,885 |
| 9 | दिल्ली | 111,448 |
| 10 | गोवा | 11,139 |
| 11 | गुजरात | 203,729 |
| 12 | हरियाणा | 148,544 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 51,947 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 80,327 |
| 15 | झारखंड | 83,121 |
| 16 | कर्नाटक | 251,204 |
| 17 | केरल | 213,285 |
| 18 | लद्दाख | 3,122 |
| 19 | लक्षद्वीप | 423 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 283,227 |
| 21 | महाराष्ट्र | 362,393 |
| 22 | मणिपुर | 23,180 |
| 23 | मेघालय | 32,227 |
| 24 | मिजोरम | 11,010 |
| 25 | नगालैंड | 17,448 |
| 26 | ओडिशा | 153,894 |
| 27 | पुडुचेरी | 9,274 |
| 28 | पंजाब | 193,433 |
| 29 | राजस्थान | 287,350 |
| 30 | सिक्किम | 8,170 |
| 31 | तमिलनाडु | 427,603 |
| 32 | तेलंगाना | 194,415 |
| 33 | त्रिपुरा | 12,734 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 688,755 |
| 35 | उत्तराखंड | 67,764 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 253,750 |
| 37 | योग | 4,876,732 |

**(यूडाइस+ 2021-22 के अनुसार)**

***